भारत सरकार/ Government of India
राष्ट्रीय परीक्षण शाला
उपभोक्ता मामले खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
उपभोक्ता मामले विभाग
**National Test House**
Ministry of Consumer Affairs Food & Public Distribution
Department of Consumer Affairs

महानिदेशक का कार्यालय
सीपी ब्लॉक, सेक्टर - V, कोलकाता - 700091/
कैम्प ऑफिस, कमला नेहरु नगर, गाजियाबाद - 201002
**Office of the Director General**
CP Block, Sector - V, Salt Lake, Kolkata - 700091/
Camp Office, Kamla Nehru Nagar, Ghaziabad - 201002
Telephone: 033-2367 5387/ 3870/ 3872, 0120-278 3270
E-mail: dg-office@nth.gov.in / dg-nth@nth.gov.in

No. EstHQ-Rect0OND/1/2026-Admin-HQ

Date: 12.08.2026

# OFFICE MEMORANDUM

Sub: Filling up of One (01) post of Scientific Officer (NDT), in National Test House, on Deputation (including short term contract) basis.

Services of suitable officers under the Central Govt. are required for appointment to the post as mentioned in Annexure – A.

2. The pay of the officer, selected will be regulated in accordance with the Ministry of Finance O.M NO. I(ii)/E-III(B)/75 date 07/11/1975 and as amendment issued from time to time.

3. As the requirement is urgent, it is requested that applications in the enclosed proforma (Annexure-I) of the interested officers, who are eligible and who can be spared in the event of selection may be forwarded together with CR Dossiers of last 5 (five) years, Vigilance Clearance, No-penalty Certificate & Integrity Certificate so as to reach the undersigned within 60 days from the date of publication of advertisement in Employment News. The officers who volunteer for the post will not be permitted to withdraw their candidature later. Incomplete application or applications received after closing date and those received without the ACRs/APARs, Vigilance Clearance, No-Penalty Certificate & Integrity Certificate will not be entertained.

Encl: As stated above

Debopriyo Sinha
12/8/26

Debopriyo Sinha
Administrative Officer,
For DG - NTH
Tel No: 033-2367 3872

To
All Central Government, State Government and Union Territories offices.

contd...2

**Copy forwarded for information to:**

1. The Secretary to the Govt. of India, Ministry of Consumer Affairs, Food & Public Distribution, Department of Consumer Affairs, Gallery No. 12/2 Jamnagar House, Shahjahan Road, New Delhi – 110011. With the request to circulate the endorsement to all the Ministries & Department located at New Delhi.
2. The Librarian, National Library, Belveder Road, Alipore, Kolkata – 700027
3. The Head of the Office, Geological Survey of India, D.F. Block, Salt Lake, Sector-I, Kolkata-700064.
4. The Director, Botanical Survey of India, CGO Complex, Salt Lake, Kolkata - 700064
5. The Director, Zoological Survey of India, New Alipore, Kolkata- 700053
6. The Director, National Atlas Thematic & Mapping Organization, CGO Complex, Salt Lake, Kolkata-700064
7. The Secretary to the Govt. of India, Ministry of Railways, Railway Board, Rail Bhavan, New Delhi – 110001 (Kind Attention: Under Secretary).
8. The Secretary to the Govt. of India, Ministry of Defence, South Block, New Delhi – 110001
9. The Secretary to the Govt. of India, Department of P&T, North Block, New Delhi – 110001 (Kind Attention: Under Secretary (Estt.)
10. O/o the Joint Secretary (Training) & CAO, Ministry of Defence, First Floor, A-Block, Defence Offices Complex, Africa Ave, Netaji Nagar Market, Netaji Nagar, New Delhi, Delhi 110023.
11. The Director, National Test House (WR), Plot No. F-10, MIDC Complex, Marol, Andheri (E), Mumbai-400093 – For wide publicity of the notice among Govt. offices situated in your location
12. The Director, National Test House (SR), Tharamani, Chennai-600113 – For wide publicity of the notice among Govt. offices situated in your location.
13. The Scientist-in-Charge, National Test House (NR), Ghaziabad-201002. – For wide publicity of the notice among Govt. offices situated in your location.
14. MIS Section-To upload the annexure-I in NTH website.
15. Hindi Section – they are requested to issue Hindi Version of the order separately under intimation to HQ.
16. The Sr. Accounts Officer, Pay & Accounts Office, Deptt. Of Consumer Affairs, 15, R.N. Mukherjee Road, Kolkata - 700001.
17. The Pay & Accounts Officer, Deptt. Of Consumer Affairs, Gallery No. 12/1, Jamnagar House, Shahjahan Road, New Delhi – 110011.
18. The Pay & Accounts Officer, Deptt. Of Consumer Affairs, Exchange Building, Shivsagar Ramagulam Marg, Ballard Estate, Mumbai – 400001.
19. The Pay Accounts Officer, Deptt. Of Consumer Affairs, Shastri Bhavan, Chennai – 600006.
20. The Director General, Ordnance Factory Board , Aayudh Bhawan, 10-A, S.K.Bose Road, Kolkata-700001.

## ANNEXURE - A

| | | |
|---|---|---|
| 01. | Designation of the post | **Scientific Officer(NDT)** |
| 02. | Place of Posting | NTH(WR), Mumbai. |
| 03. | No. of Post | 01 (One) |
| 04. | Pay Band & Grade Pay | Level-8 of pay matrix, Rs. 47,600 – 1,51,100/- |
| 05. | Classification | General Central Service, Group-B, Gazetted, Non-Ministerial |
| 06. | Eligibility | |

**Deputation (including short term contract)**

(A) Officers under the Central Government: -

Officers under Central or State Governments or Union Territory Administrations or Public Sector Undertakings or Universities or Recognized Research Institutions or Semi Government or Autonomous Bodies or Statuary Organizations-

(a) (i) holding analogous post on regular basis in parent cadre or department; or

(ii) with two years regular service in the grade rendered after appointment thereto on regular basis in Level 7 in the Pay Matrix in the parent cadre or department; and

(b) Possessing the essential qualifications and experience prescribed for direct recruits under column 7

**Essential:**

(i) Master's Degree in Physics or Degree in Electrical Engineering or Degree in Mechanical Engineering or Metallurgy from a recognised University or Institute; and

(ii) One year's experience in Non-destructive testing Laboratory or one year's experience in X-Ray Diffraction or investigation work on failure Engineeing Material by Non-destructive and metallographic methods of testing.

**Note 1** : Qualifications are relaxable at the discretion of UPSC for reasons to be recorded in writing, in the case of candidates otherwise well qualified.

**Note 2** : The qualification(s) regarding experience is/are relaxable at the discretion of the UPSC for reasons to be recorded in writing in the case of candidates belonging to Scheduled Castes or Scheduled Tribes if at any stage of selection the Union Public Service Commission, is of the opinion that sufficient number of candidates from these communities possessing the request experience are not likely to be available to fill up the vacancy reserved for them.

**Note 3**: The Departmental officers in the feeder cadre who are in direct line of promotion shall not be eligible for consideration for appointment on deputation. Similarly, Deputationists shall not be eligible for consideration for appointment by promotion.

**Note 4:** Period of deputation (including short term contract) in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other organisation or department of the Central Government shall ordinarily not exceed three years.

**Note 5**: The maximum age-limit for appointment by deputation shall be not exceeding fifty-six years as on the closing date of the receipt of application.

**Note 6**: For the purpose of appointment on deputation (including short term contract) basis, the service rendered on a regular basis by an officer prior to the 1st January, 2016 or the date from which the revised pay structure based on the recommendations of the Seventh Central Pay Commission has been extended, shall be deemed to be service rendered in the corresponding level and the pay matrix extended based on the recommendations of the said Pay Commission except where there has been merger of more than one pre-revised scales of pay into one grade with a common level and the pay matrix and where this benefit will extend only for the post(s) for which that level and the pay matrix is the normal replacement grade without any up gradation.

Contd……..2



Applications in the given proforma along with copy of certificates, CR Dossier (last five years), Vigilance Clearance, Integrity Certificate, No-Penalty Statement and Cadre Clearance from officers who are willing and fulfilling the above qualification and experience and whose service can be spared immediately on his/her selection to the above-mentioned posts, kindly be forwarded within 60 days from the date of advertisement in Employment News and News papers. Application may please be forwarded to the following address:

Director General-NTH
National Test House, Block – CP Sector – V
Salt Lake, Kolkata – 700091

Debopriyo Sinha 12/8/26
Debopriyo Sinha
Administrative Officer,
For DG – NTH.

No. EstHQ-Rec0OND/1/2026-Admin-HQ
Government of India
National Test House
Department of Consumer Affairs
Ministry of Consumer Affairs, Food & Public Distribution

# VACANCY NOTICE

Applications are invited for filling up of 01 (One) post of Scientific Officer(NDT), General Central Service, Group-B, Gazetted, Non-Ministerial, in the Level-8 (RS. 47,600 – 1,51,100/-) in the pay matrix in the National Test House (WR), Mumbai, a subordinate office under the Ministry of Consumer Affairs, Food & Public Distribution, Department of Consumer Affairs by Composite method (Deputation including short term contract).

Details of essential qualifications, experience etc. and other terms and condition of service and format of application are available in this Department's Website https://nth.gov.in under the link vacancies. The last date for receiving application is 60 days from the date of publication of this advertisement.

Debopriyo Sinha 12/8/21
Administrative Officer,
For DG - NTH

## BIO-DATA/CURRICULUM VITAE PROFORMA

| | |
|---|---|
| 1. Name and Address (in Block Letters) | |
| 2. Date of Birth(in Christian era) | |
| 3.i) Date of entry into service | |
| ii) Date of retirement under Central/State Government Rules | |
| 4. Educational Qualifications | |
| 5. Whether Educational and other qualifications required for the post are satisfied. (If any qualification has been treated as equivalent to the one prescribed in the Rules, state the authority for the same) | |
| Qualifications/Experience required as mentioned in the advertisement/vacancy circular | Qualifications/experience possessed by the officer |
| Essential | Essential |
| A) Qualification | A) Qualification |
| B) Experience | B) Experience |
| Desirable | Desirable |
| A) Qualification | A) Qualification |
| B) Experience | B) Experience |
| 5.1 Note: This column needs to be amplified to indicate Essential and Desirable Qualifications as mentioned in the RRs by the Administrative Ministry/Department/Office at the time of issue of Circular and issue of Advertisement in the Employment News.<br><br>5.2 In the case of Degree and Post Graduate Qualifications Elective/main subjects and subsidiary subjects may be indicated by the candidate. | |
| 6. Please state clearly whether in the light of entries made by you above, you meet the requisite Essential Qualifications and work experience of the post. | |
| 6.1 Note: Borrowing Departments are to provide their specific comments/ views confirming the relevant Essential Qualification/Work experience possessed by the Candidate (as indicated in the Bio-data) with reference to the post applied. | |

7. Details of Employment, in chronological order, enclose a separate sheet duly authenticated by your signature, if the space below is insufficient.

| Office/Institution | Post held on regular basis | From | To | *Pay band and Grade Pay/Pay scale of the post held on regular basis | Nature of duties (in detail) highlighting experience required to the post applied for |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

*Important: Pay-band and Grade Pay granted under ACP/MACP are personal to the office and therefore, should not be mentioned. Only Pay Band and Grade Pay/ Pay scale of the post held on regular basis to be mentioned. Details of ACP/MACP with present Pay Band and Grade Pay where such benefits have been drawn by the candidate may be indicated as below;

| Office/Institution | Pay, Pay Band and Grade Pay drawn under ACP/MACP Scheme | From | To |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8. Nature of present employment i.e. Ad-hoc or Temporary or Quasi-Permanent or Permanent | | | |
| 9. In case the present employment is held on deputation/contract basis, please state | | | |
| a) The date of initial appointment | b) Period of appointment on deputation/contract | c) Name of the parent office/organization to which the applicant belongs | d) Name of the post and Pay of the post held in substantive capacity in the parent organization |
| | | | |
| 9.1 Note: In case of Officers already on deputation, the applications of such officers should be forwarded by the parent cadre/Department along with the Cadre Clearance, Vigilance Clearance and Integrity certificate.<br><br>9.2 Note: Information under Column 9(c) & (d) above must be given in all cases where a person is holding a post on deputation outside the cadre/organization but still maintaining a lien in his parent cadre/organization | | | |
| 10. If any post held on Deputation in the past by the applicant, date of return from the last deputation and other details. | | | |
| 11. Additional details above present employment:<br><br>Please state whether working under (indicate the name of your employer against the relevant column)<br><br>a) Central Government<br><br>b) State Government<br><br>c) Autonomous Organization<br><br>d) Government Undertaking<br><br>e) Universities<br><br>f) Others | | | |

| | |
|---|---|
| 12. Please state whether you are working in the same Department and are in the feeder grade or feeder to feeder grade. | |
| 13. Are you in Revised Scale of Pay? If yes, give the date from which the revision took place and also indicate the pre-revised scale | |

14. Total emoluments per month now drawn

| Basic Pay in the PB | Grade Pay | Total Emoluments |
|---|---|---|
| | | |

15. In case the applicant belongs to an organization which is not following the Central Government Pay-scales, the latest salary slip issued by the Organization showing the following details may be enclosed.

| Basic Pay with Scale of Pay and rate of increment | Dearness Pay/interim relief/other allowances etc, (with break-up details) | Total Emoluments |
|---|---|---|
| | | |

| | |
|---|---|
| 16.A Additional information, if any, relevant to the post you applied for in support of your suitability for the post.<br><br>(This among other things may provide information with regard to (i) additional academic qualifications (ii) educational training and (iii) work experience over and above prescribed in the Vacancy Circular (Advertisement)<br><br>(Note: Enclose a separate sheet, if the space is insufficient) | |
| 16.B Achievements:<br><br>The candidates are requested to indicate information with regard to;<br><br>(i) Research publications and reports and special projects<br><br>(ii) Awards/Scholarships/Official Appreciation<br><br>(iii) Affiliation with the professional bodies/institutions/societies and; | |

| | |
|---|---|
| (iv) Patents registered in own name or achieved for the organization<br><br>(v) Any research/innovative measure involving official recognition (vi) any other information.<br><br>(Note: Enclose a separate sheet if the space is insufficient) | |
| 17. Please state whether you are applying for deputation (STC)/Absorption/Re-employment Basis # (Officers under Central/State Governments are only eligible for "Absorption". Candidates of non-Government Organization are eligible only for Short Term Contract) | |
| # ( The option of 'STC'/'Absorption'/'Re-employment' are available only if the vacancy circular specially mentioned recruitment by "STC" or "Absorption" or "Re-employment") | |
| 18. Whether belongs to SC/ST | |

I have carefully gone through the vacancy circular/advertisement and I am well aware that the information furnished in the Curriculum Vitae duly supported by the documents in respect of Essential Qualifications/ Work Experience submitted by me will also be assessed by the Selection Committee at the time of selection for the post. The information/details provided by me are correct and true to the best of my knowledge and no material fact having a bearing on my selection has been suppressed/ withheld.

(Signature of the Candidate)

Address:

Date:

Certification by the Employer/ Cadre Controlling Authority (On letter head)

The information/details provided in the above application by the applicant are true and correct as per the facts available on records. His/her possesses educational qualifications and experience mentioned in the vacancy circular. If selected, he/she will be relieved immediately.

2. Also certified that;

i) There is no vigilance or disciplinary case pending/contemplated against him/her.
ii) His/her integrity is certified.
iii) His/her CR Dossier in original is enclosed/photocopies of the ACRs for the past 5 years duly attested by an officer of the rank of Under Secretary of the Govt. of India or above are enclosed.
iv) No major/minor penalty has been imposed on him/her during the last 10 years or in case of major/minor penalties imposed on him/her during the last 10 years is enclosed (as the case may be)

Countersigned

(Employer/Cadre Controlling Authority with Seal)

भारत सरकार/ Government of India
राष्ट्रीय परीक्षण शाला
उपभोक्ता मामले खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
उपभोक्ता मामले विभाग
**National Test House**
Ministry of Consumer Affairs Food & Public Distribution
Department of Consumer Affairs

महानिदेशक का कार्यालय
सीपी ब्लॉक, सेक्टर - V, कोलकाता - 700091/
कैम्प ऑफिस, कमला नेहरु नगर, गाजियाबाद -201002
**Office of the Director General**
CP Block, Sector - V, Salt Lake, Kolkata - 700091/
Camp Office, Kamla Nehru Nagar, Ghaziabad - 201002
Telephone: 033-2367 5387/ 3870/ 3872, 0120-278 3270
E-mail: dg-office@nth.gov.in / dg-nth@nth.gov.in

सं. No. EstHQ-Rect0OND/1/2026-Admin-HQ

दिनांक- 12.8.2026

## कार्यालय ज्ञापन

विषयः राष्ट्रीय परीक्षण शाला में वैज्ञानिक अधिकारी (एन.डी.टी.) के एक (01) पद को प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) के आधार पर भरा जाना ।

केन्द्रीय सरकार के अधीन कार्यालयों के उपयुक्त अधिकारियों की सेवाएँ अनुलग्नक -'अ' में उल्लिखित पद पर नियुक्ति हेतु आवश्यक हैं ।

2. चयनित अधिकारियों का वेतन वित्त मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन सं.- I(ii)/ई-III(बी)/75 दिनांक-07/11/1975 तथा समय-समय पर जारी संशोधनों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।

3. चूँकि नियुक्ति अत्यावश्यक है, अतः अनुरोध किया जाता है कि संलग्न प्रपत्र (अनुलग्नक-I) में उन इच्छुक अधिकारियों के आवेदन, जो पात्र हैं एवं चयन हो जाने की स्थिति में अपने कार्यालय द्वारा कार्यमुक्त किए जा सकें, 5 वर्षों के सी.आर. डोजियर, सतर्कता अनापत्ति, नो-पैनल्टी प्रमाणपत्र तथा सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र के साथ इस प्रकार से अग्रेषित किया जाए कि रोजगार समाचार पत्र एवं समाचार पत्रों में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के पास पहुँच जाए। स्वेच्छा से इस पद पर आवेदन करने वाले अधिकारी को बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अपूर्ण आवेदन या अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन तथा एसीआर/एपीएआर, सतर्कता अनापत्ति, नो-पेनाल्टी प्रमाणपत्र एवं सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र के बिना प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

संलग्नक - यथोक्त ।

देबोप्रियो सिन्हा
12/8/26

**(देबोप्रियो सिन्हा)**
**प्रशासनिक अधिकारी**
**कृते महानिदेशक - रा.प.शा,**
**दूरभाष सं.- 033-2367 3872**

सेवा में
केंद्रीय सरकार, राज्य सरकार तथा केंद्र शासित प्रदेशों के सभी कार्यालय

पृष्ठ सं. -2- जारी-

**प्रतिलिपि सूचनार्थ अग्रेषित -**

1. सचिव, भारत सरकार, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, उपभोक्ता मामले विभाग, गैलरी नंबर 12/2 जामनगर हाउस, शाहजहाँ रोड, नई दिल्ली - 110011. नई दिल्ली स्थित सभी मंत्रालयों और विभागों को पृष्ठांकन प्रसारित करने के अनुरोध के साथ।

2. पुस्तकायलयाध्यक्ष, नेशनल लाइब्रेरी, बेलवेडर रोड, अलीपुर, कोलकाता - 700027

3. कार्यालय प्रमुख, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, डीएफ ब्लॉक, साल्ट लेक, सेक्टर- , कोलकाता-700064।

4. निदेशक, भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, साल्ट लेक, कोलकाता - 700064

5. निदेशक, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण, न्यू अलीपुर, कोलकाता- 700053

6. निदेशक, राष्ट्रीय एटलस विषयगत और मानचित्रण संगठन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, साल्ट लेक, कोलकाता- 700064

7. सचिव, भारत सरकार, रेल मंत्रालय, रेलवे बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली - 110001 (कृपया ध्यान दें: अवर सचिव)।

8. सचिव, भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली - 110001

9. सचिव, भारत सरकार, पी एंड टी विभाग, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली - 110001 (कृपया ध्यान दें: अवर सचिव (स्थापना)

10. कार्यालय, संयुक्त सचिव (प्रशिक्षण) और सीएओ, रक्षा मंत्रालय, पहली मंजिल, ए-ब्लॉक, डिफेंस ऑफिसेस कॉम्प्लेक्स, अफ्रीका एवेन्यू, नेताजी नगर मार्केट, नेताजी नगर, नई दिल्ली, दिल्ली 110023।

11. निदेशक, राष्ट्रीय परीक्षण शाला (प.क्षे), प्लॉट नं। एफ-10, एमआईडीसी कॉम्प्लेक्स, मरोल, अंधेरी (ई), मुंबई- 400093 - आपके शहर में स्थित सरकारी कार्यालयों के बीच नोटिस के व्यापक प्रचार के लिए

12. निदेशक, राष्ट्रीय परीक्षण शाला (द.क्षे), थारामनी, चेन्नई-600113 - आपके शहर में स्थित सरकारी कार्यालयों के मध्य सूचना के व्यापक प्रचार के लिए।

13. वैज्ञानिक-प्रभारी, राष्ट्रीय परीक्षण शाला (उ.क्षे), गाजियाबाद- 201002 - आपके शहर में स्थित सरकारी कार्यालयों के मध्य सूचना के व्यापक प्रचार के लिए।

14. एमआईएस अनुभाग-एनटीएच वेबसाइट में अनुलग्नक-अपलोड करने के लिए-.

15. हिंदी अनुभाग - अनुरोध है कि मुख्यालय को सूचना देते हुए आदेश का हिंदी संस्करण अलग से जारी करें।

16. वरिष्ठ लेखा अधिकारी, वेतन और लेखा कार्यालय, उपभोक्ता मामले विभाग, 15, आर.एन। मुखर्जी रोड, कोलकाता - 700001।

17. वेतन और लेखा अधिकारी, । उपभोक्ता मामले विभाग, गैलरी नं. 12/1, जामनगर हाउस, शाहजहाँ रोड, नई दिल्ली - 110011।

18. वेतन और लेखा अधिकारी, । उपभोक्ता मामले विभाग, एक्सचेंज बिल्डिंग, शिवसागर रामगुलाम मार्ग, बल्लार्ड एस्टेट, मुंबई - 400001।

19. वेतन लेखा अधिकारी, । उपभोक्ता मामले विभाग, शास्त्री भवन, चेन्नई - 600006।

20. महानिदेशक, आयुध कारखाना बोर्ड, आयुध भवन, 10-ए, एसके बोस रोड, कोलकाता-700001।

## अनुलग्नक - अ

| | |
|---|---|
| 1. पद का नाम | **वैज्ञानिक अधिकारी (एन.डी.टी.)** |
| 2. तैनाती का स्थान | राष्ट्रीय परीक्षण शाला (प.क्षे.), मुंबई |
| 3. पदों की संख्या | 01 (एक) |
| 4. वेतन-मान एवं ग्रेड पे | पे-मैट्रिक्स का लेवेल-8, (रू. 47,600/- - 1,51,100/-) |
| 5. वर्गीकरण | सामान्य केन्द्रीय सेवा, वर्ग-ख, राजपत्रित, गैर-अनुसचिवीय |
| 6. पात्रता | |

**प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि संविदा सहित)**

केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार अथवा केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासन अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम अथवा विश्वविद्यालयों अथवा मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान अथवा अर्द्ध सरकारी अथवा स्वायत्तशासी निकाय अथवा वैधानिक संस्थाओं के अधिकारीः-

(क) (i) मूल कैडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश्य पदधारी अथवा

(ii) नियुक्ति के पश्चात अपने मूल-कैडर या विभाग में पे-मैट्रिक्स के लेवेल-7 या समतुल वेतन-मान में नियमित आधार पर दो वर्षों की नियमित सेवा की हो, और

(ख) कॉलम 7 के तहत सीधे भर्ती होने वालों उम्मीदवारों के लिए निर्धारित ज़रूरी योग्यताएँ और अनुभव -

**आवश्यक योग्यताएँ -**

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से भौतिकी में स्नातकोत्तर डिग्री या वैद्युत इंजीनियरिंग में डिग्री या यांत्रिक इंजीनियरिंग या धातु विज्ञान में डिग्री; और

(ii) गैर-विध्वंसक परीक्षण प्रयोगशाला में या एक्सरे डिफ्रैक्शन या गैर-विध्वंसक और मेटलोग्राफिक परीक्षण विधियों से इंजीनियरिंग पदार्थों के असफल होने की जांच में एक वर्ष का कार्यानुभव।

**नोट 1** : अच्छी योग्यता वाले उम्मीदवारों के मामले में संघ लोक सेवा आयोग लिखित कारणों के आधार पर अपनी मर्जी से योग्यता संबंधी शर्तों में शिथिलता प्रदान कर सकता है।

**नोट 2** : अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के मामले में, अनुभव से जुड़ी योग्यताओं में संघ लोक सेवा आयोग अपनी मर्ज़ी से छूट दे सकता है (इसके लिए लिखित में कारण दर्ज किए जाएंगे)। ऐसा तब किया जा सकता है जब चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में संघ लोक सेवा आयोग को यह लगे कि इन समुदायों से ज़रूरी अनुभव वाले पर्याप्त उम्मीदवार नहीं मिल पाएंगे जो उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भर सकें।

**नोट 3 :** फीडर संवर्ग के वे विभागीय अधिकारी जो पदोन्नति की सीधी लाईन में हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार नहीं किये जाएँगे। इसी प्रकार, प्रतिनियुक्तों को पदोन्नति पर नियुक्ति हेतु विचार नहीं किया जाएगा।

**नोट 4** : प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि संविदा सहित) की अवधि सह केन्द्र सरकार के इसी संगठन या अन्य किसी संगठन अथवा विभाग में इस नियुक्ति के ठीक पूर्ववर्ती संवर्ग-बाहय पद पर धारित प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि संविदा सहित) सामान्यतः तीन वर्षो से अधिक नहीं होगी।

**नोट 5** : प्रतिनियुक्ति (अल्प-अवधि संविदा सहित) पर नियुक्ति हेतु अधिकतम आयु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख की यथास्थिति अनुसार छप्पन वर्ष (56 वर्ष) से अधिक नहीं होनी चाहिए ।

**नोट 6**: प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के उद्देश्यार्थ, किसी अधिकारी द्वारा दिनांक 01 जनवरी, 2016 ( वह तारीख जबसे सप्तम केंद्रीय वेतन आयोग की अनुशंसाओं पर आधारित वेतन मैट्रिक्स में पुनरीक्षित स्तर को लागू किया गया है) से पूर्व अथवा उस तारीख से जिससे, नियमित आधार पर सेवा की गई हो, उसे ही उन दशाओं को छोड़कर उक्त वेतन आयोग की अनुशंसाओं के आधार पर लागू वेतन मैट्रिक्स के समरूप स्तर में सेवा किया गया माना जाएगा जहाँ एक से अधिक पुनरीक्षणपूर्व वेतनमानों को एक ग्रेड के तहत वेतन मैट्रिक्स के एकसमान स्तर में विलय कर दिया गया है, और जहाँ यह लाभ केवल उस/उन पद(दों) को ही मिलेगा जिनके लिए वेतन मैट्रिक्स का वह स्तर बिना किसी उन्नयन के सामान्य प्रतिस्थापक ग्रेड है ।

-जारी-

उपरोक्त अर्हताओं और अनुभव को पूरा करने वाले उन इच्छुक अधिकारियों जिन्हें उपरोक्त पद पर उनके चयनित होने पर तत्काल छोड़ा जा सके, निर्दिष्ट प्रपत्र में उनके आवेदन-पत्र, उनके प्रमाण-पत्रों की प्रतियों, सी.आर. डोजियर्स (विगत पांच वर्षों की), सतर्कता अनापत्ति, सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र, अर्थदंड नहीं लगने संबंधी विवरण और संवर्ग अनापत्ति सहित रोजगार समाचार एवं समाचार पत्रों में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के अंदर कृपया अग्रेषित किये जाएँ । कृपया आवेदन-पत्र को अधोलिखित पते पर अग्रेषित किया जाए-

महानिदेशक
राष्ट्रीय परीक्षण शाला (मुख्यालय), ब्लॉक-सीपी, सेक्टर-V
सॉल्ट लेक, कोलकाता - 700091

देबोप्रियो सिन्हा 12/8/26

**(देबोप्रियो सिन्हा)**
**प्रशासनिक अधिकारी**
**कृते महानिदेशक - रा.प.शा,**

सं. EstHQ-RecOoND/1/2026-Admin-HQ
भारत सरकार
राष्ट्रीय परीक्षण शाला
उपभोक्ता मामले विभाग
उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

# रिक्ति सूचना

राष्ट्रीय परीक्षण शाला (प.क्षे), मुंबई जो कि उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, उपभोक्ता मामले विभाग का अधीनस्थ कार्यालय है, में वैज्ञानिक अधिकारी (एनडीटी), सामान्य केन्द्रीय सेवा, वर्ग-ख, राजपत्रित, गैर-अनुसचिवीय, पे मैट्रिक्स के लेवेल-8 (रू.47,600 - 1,51,100/-) के अंतर्गत एक पद को मिश्रित विधि (लघु अवधि के संविदा सहित प्रतिनियुक्ति) द्वारा भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

आवश्यक योग्यता, अनुभव इत्यादि तथा सेवा की अन्य नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी एवं आवेदन का प्रपत्र इस विभाग के वेबसाईट http://nth.gov.in में रिक्ति लिंक के तहत उपलब्ध हैं। आवेदन के प्राप्ति की अंतिम तिथि इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों तक है।

देबोप्रियो सिन्हा
12/8/2026
(देबोप्रियो सिन्हा)
प्रशासनिक अधिकारी
कृते महानिदेशक, राष्ट्रीय परीक्षण शाला

# जीवन पंजी (बायो-डेटा) विवरण प्रोफार्मा

| | |
|---|---|
| नाम एवं पता (बड़े अक्षरों में) | |
| 2. जन्म तिथि (ईस्वी सन में) | |
| 3.i) सेवा में प्रवेश की तिथि | |
| ii) केंद्र / राज्य सरकार के अधीन सेवानिवृत्ति की तिथि | |
| 4. शैक्षणिक योग्यता | |
| 5. क्या पद के लिए आवश्यक शैक्षणिक और अन्य पात्रताएं पूरी होती हैं। (अगर किसी पात्रता को नियमों में बताई गई पात्रता के बराबर माना गया है, तो उसके लिए प्राधिकार बताएं) | |
| विज्ञापन/रिक्ति परिपत्र में बताई गई आवश्यक योग्यता/अनुभव | अधिकारी के पास योग्यता/अनुभव |
| आवश्यक | आवश्यक |
| क. योग्यता | क. योग्यता |
| ख. अनुभव | ख. अनुभव |
| वांछित | वांछित |
| क. योग्यता | क. योग्यता |
| ख. अनुभव | ख. अनुभव |

5.1 नोट : इस कॉलम को और विस्तार से बताने की ज़रूरत है ताकि इसमें उन आवश्यक और वांछित योग्यताओं का उल्लेख किया जा सके, जिनका ज़िक्र प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग/कार्यालय द्वारा सर्कुलर जारी करते समय और 'रोजगार समाचार' में विज्ञापन निकालते समय भर्ती नियमों में किया गया था।

5.2 स्नातक एवं स्नातकोत्तर योग्यता के मामले में उम्मीदवार वैकल्पिक/मुख्य विषयों और सहायक विषयों का उल्लेख करें।

| | |
|---|---|
| 6. कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि ऊपर आपके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर, क्या आप इस पद के लिए ज़रूरी योग्यता और कार्य अनुभव को पूरा करते हैं | |

6.1 नोट : जिन विभागों में कर्मचारी को लिया जाना है, उन्हें उस पद के लिए ज़रूरी योग्यता और काम के अनुभव के बारे में अपनी खास राय या टिप्पणियाँ देनी होंगी (जैसा कि बायो-डेटा में बताया गया है) और यह पुष्टि करनी होगी कि उम्मीदवार के पास ये योग्यताएँ और अनुभव हैं।

7. अपनी नौकरी का विवरण समयबद्ध क्रम में दें। अगर नीचे दी गई जगह कम पड़ जाए तो अपने हस्ताक्षर से प्रमाणित एक अलग शीट साथ लगाएं।

| कार्यालय/संस्थान | नियमित आधार पर धारित पद | कब से | कब तक | *नियमित आधार पर धारित पद का पे बैंड और ग्रेड पे/पे स्केल | कार्य का प्रकार (विस्तार से) जिसमें आवेदित पद के लिए आवश्यक अनुभव बताया गया हो। |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

*** महत्वपूर्ण : एसीपी/एमएसीपी के अधीन मिलने वाला पे-बैंड और ग्रेड पे कर्मचारी के लिए व्यक्तिगत होता है, इसलिए इसका उल्लेख नहीं किया जाना चाहिए। केवल नियमित आधार पर धारित पद के पे-बैंड और ग्रेड पे/पे-स्केल का ही उल्लेख किया जाना चाहिए। जिन मामलों में उम्मीदवार ने एसीपी/एमएसीपी के अधीन लाभ प्राप्त किए हैं, वहां वर्तमान पे-बैंड और ग्रेड पे के साथ एसीपी/एमएसीपी का विवरण नीचे दिए गए तरीके से बताया जाए;**

| कार्यालय / संस्थान | एसीपी/एमएसीपी के अधीन वेतन, वेतन मान एवं ग्रेड पे | कब से | कब तक |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | |
|---|---|
| 8. वर्तमान रोजगार की प्रकृति अर्थात तदर्थ या अस्थायी या अर्ध-स्थायी या स्थायी | |
| 9. अगर अभी नौकरी प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर है, तो कृपया बताएं | |

| क) प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि | ख) प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति की अवधि | ग) आवेदक जिस मूल कार्यालय/संस्था से जुड़ा है उसका नाम | घ) मूल संस्था में स्थायी पद का नाम और सैलरी |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | |
|---|---|
| 9.1 नोट: अगर अधिकारी पहले से प्रतिनियुक्ति पर हैं, तो ऐसे अधिकारी का आवेदन उनके मूल कैडर/विभाग द्वारा कैडर क्लीयरेंस, विजिलेंस क्लीयरेंस और इंटीग्रिटी सर्टिफिकेट के साथ भेजी जानी चाहिए।<br>9.2 नोट: ऊपर कॉलम 9(ग) और (घ) के तहत जानकारी उन सभी मामलों में दी जानी चाहिए जहां कोई व्यक्ति कैडर/संगठन के बाहर प्रतिनियुक्ति पर कोई पद संभाल रहा है, लेकिन अभी भी अपने मूल कैडर/संगठन में अपना अधिकार बनाए हुए है। | |
| 10. यदि आवेदक द्वारा पूर्व में प्रतिनियुक्ति पर कोई पद संभाला गया है, तो अंतिम प्रतिनियुक्ति से लौटने की तिथि और अन्य विवरण। | |
| 11. वर्तमान नौकरी से जुड़ी अतिरिक्त जानकारी:<br>कृपया बताएं कि क्या आप किसके तहत काम कर रहे हैं (संबंधित कॉलम के सामने अपने एम्प्लॉयर का नाम बताएं)<br>क) केंद्र सरकार<br>ख) राज्य सरकार<br>ग) स्वायत्त संगठन<br>घ) सरकारी उपक्रम<br>ई) विश्वविद्यालय<br>च) अन्य | |
| 12. कृपया बताएं कि क्या आप एक ही विभाग में काम कर रहे हैं और फीडर ग्रेड में हैं या फीडर से फीडर ग्रेड में हैं। | |
| 13. क्या आप संशोधित वेतनमान पर हैं? यदि हाँ, तो वह तारीख बताएँ जब से संशोधन लागू हुआ और संशोधन-पूर्व वेतनमान का भी उल्लेख करें। | |

14. वर्तमान में प्रति माह मिलने वाले कुल भत्ते

| वेतन-मान में मूल वेतन | ग्रेड पे | कुल वेतन |
|---|---|---|
| | | |

15. अगर आवेदक किसी ऐसे संगठन से जुड़ा है जो केंद्र सरकार के वेतन-मानों का पालन नहीं करता है, तो संगठन द्वारा जारी नवीनतम वेतन पर्ची संलग्न की जाए, जिसमें निम्नलिखित विवरण दिए गए हों:

| वेतनमान और वेतन वृद्धि दर के साथ मूल वेतन | महंगाई भत्ता/अंतरिम राहत/दूसरे भत्ते वगैरह, (पूर्ण विवरण के साथ) | कुल वेतन |
|---|---|---|
| | | |

| | |
|---|---|
| 16. क. आवेदित पद के लिए आपकी उपयुक्तता के समर्थन में कोई अन्य जानकारी (यदि हो तो)<br>अन्य बातों के अलावा, इससे (i) अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता (ii) शैक्षिक प्रशिक्षण और (iii) रिक्ति परिपत्र (विज्ञापन) में बताई गई योग्यताओं से अधिक कार्य अनुभव के बारे में जानकारी दी जाए।<br>(नोट: अगर जगह कम हो तो अलग से शीट लगाएं) | |
| 16.ख. उपलब्धियां:<br>उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित के संबंध में जानकारी दें;<br>( i ) अनुसंधान प्रकाशन और रिपोर्ट और विशेष परियोजनाएँ<br>(ii) पुरस्कार/छात्रवृत्ति/आधिकारिक प्रशंसा<br>(iii) व्यावसायिक निकायों/संस्थाओं/समितियों से संबद्धता और;<br>(iv) स्वयं के नाम पर पंजीकृत या संगठन के लिए प्राप्त पेटेन्ट<br>(v) कोई शोध/अभिनव उपाय जिसमें आधिकारिक मान्यता शामिल हो<br>(vi) कोई अन्य जानकारी।<br><br>(नोट: अगर जगह कम हो तो अलग शीट लगाएं) | |
| 17. कृपया बताएं कि क्या आप प्रतिनियुक्ति/आमेलन/पुनर्नियोजन के आधार पर आवेदन कर रहे हैं # (सिर्फ़ केंद्र/राज्य सरकारों के अधिकारी ही "आमेलन" के लिए पात्र हैं। गैर-सरकारी संगठनों के उम्मीदवार केवल लघु अवधि संविदा के लिए पात्र हैं।) | |
| # ('एसटीसी'/'आमेलन'/'पुनर्नियोजन' का विकल्प केवल तभी उपलब्ध है, जब रिक्ति परिपत्र में विशेष रूप से "एसटीसी" या "आमेलन" या "पुनर्नियोजन" द्वारा भर्ती का उल्लेख किया गया हो) | |
| 18. क्या आप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से हैं? | |

मैने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यान से पढ़ लिया है और मुझे अच्छी तरह पता है कि मेरे जीवन-पंजी (बायो-डाटा) में दी गई जानकारी, जिसके साथ आवश्यक योग्यता, कार्य के अनुभव से जुड़े दस्तावेज भी मैने जमा किए हैं, का मूल्यांकन चयन समिति द्वारा पद के लिए चयन के समय किया जाएगा। मेरे द्वारा दी गई जानकारी सत्य है। मेरे चयन पर प्रभाव डालने वाली कोई भी जानकारी छिपाई नहीं गई है।

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

पता :

तारीख:

**नियोक्ता/कैडर नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा प्रमाणन (पत्र शीर्ष के साथ संलग्न करें)**

आवेदक द्वारा उपरोक्त आवेदन में दी गई जानकारी/विवरण रिकॉर्ड में मौजूद तथ्यों के अनुसार सही और सटीक हैं। उनके पास रिक्ति परिपत्र में बताई गई शैक्षणिक योग्यता और अनुभव है। चयनित होने पर उन्हें तुरंत हमारे कार्यालय से कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि;

i) उनके खिलाफ कोई सतर्कता या अनुशासनात्मक मामला लंबित/विचाराधीन नहीं है।

ii) उनकी ईमानदारी प्रमाणित की जाती है।

iii) उनका मूल **सी.आर डोजियर**/पिछले 5 वर्षों के **एसीआर** की प्रतिलिपि, जो भारत सरकार के अवर सचिव या उससे ऊपर के रैंक के अधिकारी द्वारा विधिवत अभिप्रमाणित की गई हैं, संलग्न हैं।

iv) पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर कोई बड़ी/छोटी पेनल्टी नहीं लगाई गई है या यदि पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर कोई बड़ी/छोटी पेनल्टी लगाई गई है, तो उसका विवरण संलग्न है (जैसा भी मामला हो)।

प्रतिहस्ताक्षरित

(नियोक्ता/कैडर नियंत्रक प्राधिकारी, सील सहित)